मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल 462003 (म.प्र.) भारत
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
Maulana Azad National Institute of Technology Bhopal 462003(M.P.)India
(An Institution of National Importance, under Ministry of Education, Govt. of India)

क्रमांक / स्था. / राजभाषा / 2025 / 165 दिनांक 27...... / 01 / 2025

## // परिपत्र //

भारत शासन की राजभाषा नीति के अनुपालन में संस्थान में राजभाषा समिति की तिमाही (01.10.2024 से 31.12.2024) बैठक दिनांक 03.01.2025 को निदेशक कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की गई थी। सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदित निर्णय (कार्यवृत्त) की प्रति संलग्न है। कृपया सभी विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष एवं शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक अधिकारी / कर्मचारी उनसे संबंधित राजभाषा हेतु लिये गये निर्णयों का पालन सुनिश्चित करें।

**संलग्न :** कार्यवृत्त।

गौरव द्विवेदी 27/01/25
संयोजक, राजभाषा समिति

**प्रतिलिपिः**

1. समस्त संकायाध्यक्ष।
2. समस्त विभागाध्यक्ष।
3. समस्त अनुभागीय अधिकारी / प्रभारी।

} को अधीनस्थ शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु।

4. डॉ सविता दीक्षित, प्राध्यापक, रसायन शास्त्र विभाग एवं परामर्शदात्री राजभाषा समिति, मेनिट भोपाल।
5. प्रभारी, वेबसाइट अपलोड हेतु।
6. निज सहायक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
7. निज सहायक निदेशक, निदेशक महोदय को सूचनार्थ।

# मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल

क्रमांक स्था./राजभाषा/2025/ 165 दिनांक 27/01/2025

## // बैठक के कार्यवृत्त //

संस्थान में भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन एवं कार्य के क्रियान्वयन के संबंध में संस्थान राजभाषा समिति की तिमाही (01/10/2024 से 31/12/2024) बैठक दिनांक 03/01/2025 को हुई। संस्थान द्वारा हिन्दी में में कार्य प्रगति पर अध्यक्ष (निदेशक) महोदय चर्चा की।

समिति द्वारा की गई चर्चा में निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई :-

1. उप कुलसचिव एवं संयोजक (राजभाषा) द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों से यह सुनिश्चित किया गया की हिंदी पखवाड़े के सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं ।
2. उप कुलसचिव एवं संयोजक (राजभाषा) द्वारा उन सभी विभागों का उल्लेख किया गया जिनके द्वारा लेब मैन्युअल हिंदी मे अनुवाद किये जा चुके हैं एवं सभी का धन्यवाद किया गया निदेशक महोदय द्वारा जिन विभागों मे लेब मैन्युअल हिंदी अनुवाद हिंदी का कार्य नहीं किया गया उनको 31/01/2025 की समय सीमा तक कार्य पूरा करने का डेडलाइन दिया गया है । उप कुलसचिव एवं संयोजक (राजभाषा) द्वारा सभी विभागों को इन लेब मैनुअल्स को वेबसाइट पर डिपार्टमेंट के पेज पर अपलोड करने हेतु निवेदन किया गया ।
3. उप कुलसचिव एवं संयोजक (राजभाषा) द्वारा पुस्तकालय विभाग से पिछली बैठक मे चर्चा की गयी पुस्तक "लाइफ मैनेजमेंट" की वास्तु स्थिति के बारे मे जानकारी चाही गयी। निदेशक महोदय द्वारा इस पुस्तक की 10 प्रति पुस्तकालय मे रखने की अनुशंसा की गयी । इसके साथ ही निदेशक महोदय द्वारा प्राचीन वास्तुकला से सम्बंधित पुस्तकों को रखने हेतु कहा गया ।
4. क्षितिज पत्रिका :- डॉ सविता दीक्षित (संयोजक राजभाषा) द्वारा पत्रिका के प्रकाशन हेतु विद्यार्थियों की एक आंतरिक समिति (क्षितिज ग्रुप) बनाने एवं पत्रिका मे प्रकाशन हेतु अब तक किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। निदेशक महोदय द्वारा पत्रिका के 26 जनवरी 2025 को विमोचन की तारीख दी गयी ।
5. उप कुलसचिव एवं संयोजक (राजभाषा) द्वारा भोपाल मे हुयी नराकास की बैठकों और मेनिट भोपाल की प्रदर्शन स्थिती से सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। मैनिट भोपाल के राजभाषा मे प्रदर्शन के परिपेक्ष मे उप कुलसचिव एवं संयोजक (राजभाषा) द्वारा सभी सदस्यों को हिंदी मे हस्ताक्षर हेतु अनुरोध किया गया एवं एक उदाहरण द्वारा हस्ताक्षर के हिंदी में करने के महत्त्व को दर्शाया गया । निदेशक महोदय द्वारा सभी संकाय एवं गैर संकाय सदस्यों द्वारा द्विभाषी मे मोहर अनिवार्य रूप से

विनोद ठोंगे गौरव द्विवेदी

उपयोग करने हेतु कहा गया । निदेशक महोदय द्वारा इस सम्बन्ध में (हिंदी मे हस्ताक्षर) पर एक परिपत्र/नोटिस जारी करने हेतु कहा गया ।

6. उप कुलसचिव एवं संयोजक (राजभाषा) द्वारा सभी को मैनिट भोपाल का द्विभाषी लोगो उपयोग मे लाने हेतु अनुरोध किया गया। कुलसचिव द्वारा वेबसाइट मे उपलोड किये गए परिपत्रों में पुराने हैडर एवं फूटर को बदलकर नए हैडर एवं फूटर का उपयोग करने हेतु कहा गया।
7. संस्थान राजभाषा परामर्शदात्री डॉ सविता दीक्षित द्वारा मैनिट भोपाल के नराकास में कार्यशाला में कम स्कोर होने का सभी सदस्यों को बताया गया। इसमें सुधार हेतु आने वाले समय में कार्यशालाओं के आयोजन पर बल दिया गया।
8. निदेशक महोदय द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव को वक्ता के तौर पर मैनिट भोपाल में कार्यशाला हेतु आमंत्रित करने हेतु कहा गया एवं इस कार्यशाला के आयोजन लिए पुस्तकालय विभाग को निदेशित किया गया।
9. निदेशक महोदय द्वारा नराकास सदस्यों को आमंत्रित कर एक और कार्यशाला आयोजित करने हेतु कहा गया जिसके आयोजन के लिए राजभाषा समिति को निदेशित किया गया।
10. निदेशक महोदय द्वारा सभी ग्रुप ए एवं बी सेवा के सदस्यों को वार्षिक IPR 31 जनवरी के पहले जमा करने हेतु निदेशित किया गया ।

निदेशक महोदय द्वारा सभी को धन्यवाद के साथ बैठक का समापन किया गया ।

गौरव द्विवेदी
उप-कुलसचिव (स्था.)
संयोजक, राजभाषा

सविता
परामर्शदात्री, राजभाषा

विनोद
कुलसचिव
उपाध्यक्ष, राजभाषा

निदेशक
अध्यक्ष, राजभाषा